हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 7 जुलाई 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरूआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गैंग के दो आरोपियों...



07 मातमी धुन के बीच जुलूस के रूप में निकले ताजिए...




## खबर संक्षेप

### बीना उप निर्वाचन हेतु प्रेक्षक नियुक्त

**सागर।** जनपद पंचायत सदस्य बीना उप निर्वाचन 2025 के संचालन के लिए मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी अनंतनारायण अरोड़ा को उप निर्वाचन हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

### संबद्धता प्रकरणों के शुल्क भुगतान 10 अगस्त तक

**सागर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के निर्देशानुसार सत्र 2025-26 हेतु मान्यता प्राप्त शासकीय/अशासकीय संस्थाएं जिनका संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी / संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण द्वारा नवीन मान्यता/ मान्यता नवीनीकरण/ अतिरिक्त संकाय की मान्यता प्रदाय की गई है। ऐसी संस्थाओं को संबद्धता शुल्क के ऑनलाईन भुगतान हेतु अंतिम दिनांक 10.08.2025 निर्धारित की गई है। अतः सभी संस्थाएं निर्धारित तिथि में संबद्धता शुल्क का भुगतान करते हुए संस्था की संबद्धता नवीनीकरण कराया जाना सुनिश्चित करें।

### जामा कॉम्प्लेक्स वाले बाबा की सवारी गश्त करती हुई पहुंची करबला

**सागर।** हजरत सैय्यद अहमद मक्की चिश्ती रह.अ.जामा काम्पलेक्स तीन बत्ती वाले बाबा की सवारी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माह मुर्हरम की 10 तारीख को शहर गश्त पर निकली। सवारी प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष अशरफ खान ने बताया कि बाबा की सवारी 10 मोहर्रम रविवार को बाद नमाज असिर शनीचरी चौगना स्थित मौनू बाबा के निवास स्थान से प्रारंभ होकर डिप्टी फर्स से झील वोट क्लब से तीन मढ़िया, बस स्टेण्ड से होकर बकौली तिराहा से तिली रोड स्थित करबला घाट पहुंची जहां बाबा ने सभी अरकान पूरे करते हुये रूकसती ली। सबारी प्रबन्ध कमेटी ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा की सवारी गश्त के दौरान प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने व शामिल होने वाले तथा जिला एवं पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। गश्त के दौरान बाबा की सवारी मे मुख्य रूप से जावेद भाई, शेख असलम, राजीव भाई, नरेंद्र सरदार, ओम चौरसिया, मो.आसिफ, इरशाद भाई, सलमान भाई, अरविंद रावल, मोह.सगीर, नदीम भाई, फारूक भाई, मुह.इमरान, संजय रैकवार, लालू भाई, रुस्तम मकरानी, राजा भाई, अर्शं खान, अयान खान, अबुजर खान, अर्शलान खान, धीरज प्रजापति, सुहैल बाबा, अलतमस खान, मोंटू मिर्जा, हासिम भाई सहित बाबा के खिदमतदार व श्रद्धालुओं की विशेष रूप से उपस्थिति रही।

### एसडीएम द्वारा क्षतिग्रस्त भवनों को तोड़ने की कार्रवाई जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि वह जर्जर एवं क्षतिग्रस्त अवस्था के भवनों को हटाने की कार्रवाई करें। इसी क्रम में आज अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवरी मुनव्वर खान के द्वारा जर्जर मकानों को तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। देवरी विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोपरा में क्षतिग्रस्त भवन को तोड़ने की कार्यवाही कराई गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुनव्वर खान ने अपील की है जिन भी लोगों के क्षतिग्रस्त एवं जर्जर स्थिति में मकान है मकान मालिक उन्हें तत्काल तोड़ने की कार्यवाही करें एवं मलवा को हटाया जाए यदि कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इस संबंध में मकान मालिक पर कार्रवाई की जाएगी। आम जनता से निवेदन करते हुए उन्होंने कहा कि वह क्षतिग्रस्त भवन के आसपास एकत्रित न हो।क्षतिग्रस्त भवन की सूचना कार्यालय में दें,ताकि ऐसी भावनों को हटाने की कार्यवाही की जाए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने सभी स्कूल के प्राचार्य को निर्देशित किया कि जर्जर या क्षतिग्रस्त अवस्था के भावनों में कक्षाएं संचालित न की जाए ।

अमानक स्तर का खाद-बीज बेचने वालों के विरुध्द करें सख्त कार्रवाई

# सागर संभाग में उद्यानिकी फसलों का रकबा बढाएं : कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने किसानों को सहजता से खाद और बीज मुहैया कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। कमिश्नर ने कृषि विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे सागर संभाग के सभी जिलों में खाद और बीज की उपलब्धता की निरंतर मॉनिटरिंग करें तथा जहां खाद-बीज की आवश्यकता हो, वहां खाद और बीज की आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में किसी भी स्थिति में खाद-बीज की कमी नहीं होनी चाहिए। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश शुक्रवार को कृषि विभाग सहकारिता विभाग एवं उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन विभाग की सयुक्त समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।बैठक में कमिश्नर ने जिलेवार खाद और बीज वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को उच्च गुणवत्ता का खाद-बीज उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमानक स्तर का खाद-बीज बेचने वालों के विरूध्द सख्त कार्यवाही करें। खाद और बीज के गुणवत्ता नियंत्रण के लिए खाद और बीज की जांच के लिए गठित दलों को सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित करें।

बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में मण्डियों की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग की सभी मण्डियों में किसानों के लिए आदर्श व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। मण्डियों में आने वाले किसानों के लिए मण्डियों में पेयजल व्यवस्था, बैठने की अच्छी व्यवस्थाएं हो, यह सुनिश्चित करें।

बैठक में उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में उद्यानिकीय फसलों की विपुल संभावनाएं है। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि उद्यानिकी विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी किसानों से सतत संपर्क स्थापित कर उन्हें उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दें। किसानों को उद्यानिकीय फसलें लगाने के लिए प्रेरित करें। कमिश्नर ने कहा कि शासन द्वारा उद्यानिकीय विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें।बैठक में कमिश्नर ने मतस्य पालन विभाग द्वारा संचालित मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना और मतस्य पालकों को मोटर साईकिल प्रदाय योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर में नव निर्मित अमृत सरोवर तालाबों को चिन्हित किया जाए, तथा अमृत सरोवर तालाब योजना के अंतर्गत नव निर्मित तालाबों में मतस्य पालन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि सागर संभाग में मछुआ किसानों को क्रेडिट कार्ड भी मुहैया कराएं जाएं।

बैठक में उप संचालक मत्स्यद्योग सागर संभाग ने बताया कि सागर संभाग में लगभग 408 मछुआ सहकारी समितियां है। सागर संभाग में टीकमगढ, पन्ना, छतरपुर और दमोह जिले में हेचरी है। जिसके माध्यम से मतस्य बीज का उत्पादन किया जा रहा है। बैठक में कमिश्नर ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा आचार्य विद्यासागर योजना, स्वाबलंबी गौशाला योजना, बकरी एवं मुर्गीपालन योजनाएं संचालित की जा रही है। इन सभी योजनाओं का लाभ किसानों को दिलाएं।

कमिश्नर ने बैठक में पशु उपचार कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रम की भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त संचालक पशुपालन विभाग जी.के. वर्मन द्वारा सागर संभाग में की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में अन्य कल्याणकारी योजनाओं की भी कमिश्नर द्वारा समीक्षा की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला, संयुक्त संचालक कृषि विपणन आर.के. चक्रवर्ती, संयुक्त संचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, उपायुक्त सहकारिता शिवेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## अच्छाई के लिए संगठित होना मानव सेवा का एक रूप है : डॉ दिवाकर सिंह राजपूत

**सागर।** मानव सेवा के लिए मन में भाव हों, कर्म से समर्पित हों और आँखों में अपनत्व हो तो समूचा संसार अपना प्यारा परिवार बन जाता है। रोटरी अंतरराष्ट्रीय और भारतीय संस्कृति के मूल में यही संदेश बसा है। ये विचार व्यक्त किये रोटरी सदस्य प्रो दिवाकर सिंह राजपूत ने। प्रोफेसर राजपूत ने रोटरी अंतरराष्ट्रीय सत्र 2025-26 की थीम यूनाइट फॉर गुड की मूल धारणा को व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी सेवा का पर्याय है। उन्होंने सागर रोटरी क्लब के नये पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि अच्छे कार्यों का प्रचार प्रसार इसलिये जरूरी है ताकि लोग उससे प्रेरित हो सकें। रोटरी क्लब अध्यक्ष आशीष सिंह और सचिव नितिन साहू ने सेवा प्रकल्पों को जीवन्त बनाने के लिये सभी के सहयोग की बात कही। रोटरी सौहार्द प्रोजेक्ट के अंतर्गत आज के प्रकल्प में एनी नेहा सिंह राजपूत, राजीव चौरसिया, विजय कुशवाहा, स्वप्निल शुक्ला आदि रोटरी सदस्यों ने अपने विचार और सहभागिता दी।

## खुरई के सिविल अस्पताल को केंद्र सरकार से मिला गुणवत्ता प्रमाण पत्र




**सागर।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए खुरई के सिविल अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि पर सिविल अस्पताल के समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के नागरिकों को बधाई दी है। ज्ञातव्य है कि खुरई के सिविल अस्पताल सहित विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह सतत प्रयासरत रहे हैं। जिन्होंने खुरई के सिविल अस्पताल को अनेक सुविधाएं और चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराये हैं, जो अन्य अस्पतालों में बहुत कम है। भूपेन्द्र सिंह खुरई और मालथौन के प्रवास के दौरान दोनों स्थान के अस्पतालों का आये दिन निरीक्षण करते रहे हैं। जिसके चलते अस्पतालों में बेहतर व्यवस्थाएं और सुविधाएं मिली है। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के लिए विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र के लिए चयनित अस्पतालों का निरीक्षण कर वहां के मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण करते हुए मरीजों से भी फीडबैक लिया जाता है। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किये जाते है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने खुरई के सिविल अस्पताल के निरीक्षण में 89.22 प्रतिशत अंक देते हुए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि सागर जिले में एकमात्र खुरई के सिविल अस्पताल को यह उपलब्धि हासिल हुई है। विगत दिनों भोपाल में डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजेन्द्र शुक्ल ने खुरई सिविल अस्पताल के बीएमओं डॉ. रामजी ठाकुर को उक्त प्रमाण-पत्र प्रदान किया इस उपलब्धि पर पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सिविल अस्पताल के समस्त स्टाफ एवं क्षेत्र के नागरिकों को बधाई दी है।



## कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत : चतुर्वेदी

गढ़ाकोटा। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति दिवस पर नटराज आडिटोरियम में भाजपा सागर क्रमांक 2 से संगठन के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस पर मुख्य वक्ता पूर्व विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश सिंह चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कश्मीर से आतंकवाद को समाप्त किया । भाजपा सरकार जन कल्याणकारी योजना से देश के हर वर्ग के लोगों को लाभांवित कर रही है। चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल योजना हो । उन्होंने कहा इन योजनाओं का लाभ आम लोगों को सीधा मिल रहा है। प्रत्येक कार्यकर्ता को राष्ट्र प्रथम की भावना को सबसे आगे रखते हुए राष्ट्र सेवा व जन सेवा के लिए समर्पण के भाव के साथ कार्य करना चाहिए । कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत होती है। दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी न केवल भारतीय राजनीति में राष्ट्रवादी चेतना की प्रेरणा से बल्कि उन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए सर्वोच्च बलिदान भी दिया । उनके विचार आज के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। राष्ट्रीय हित में दिए गए योगदान को याद किया गया। विशेष रूप से जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने की उनके संघर्ष का स्मरण किया गया। अभिषेक भार्गव ने कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके बताएं मार्ग पर चलना चाहिए और डॉ. मुखर्जी के कश्मीर आंदोलन के दौरान किए गए संघर्ष और बलिदानों से जुड़ी जानकारियां कार्यकर्ताओं को प्रदान की। उन्होंने नारा दिया था कि देश में दो विधान, दो प्रधान, और दो निशान नहीं चलेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने डां. मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। कार्यक्रम में मनोज तिवारी, जाहर सिंह, अंशुल सिंह परिहार, मंडल अध्यक्ष हरि नारायण कुशवाहा, संजय दुबे, सुरेश कपस्या, प्रभु दयाल कुशवाहा, विवेक साहू, देवराज सिंह लोधी, अनिल ढिमोले कार्यकर्ता एवं पार्टी के समस्त पदाधिकारी शामिल रहे। मंच संचालन विक्की जैन ने किया।

## युवा ही देश को विश्व की महाशक्ति बनाएंगे : युवा नेता अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



युवाओं को हम परिभाषित कर सकते हैं सपनों, ऊर्जा, जोश, जिद, धैर्य, त्याग, संघर्ष, तपस्या, तेज और सूर्य से। युवा ही देश को विश्व की महाशक्ति बनाएंगे। यह विचार युवा नेता अविराज सिंह ने यहां आयोजित युवा क्षत्रिय समाज के सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मां सरस्वती, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप और महाबली महाराज छत्रसाल के पूजन के साथ आरंभ हुए युवा क्षत्रिय समाज सम्मेलन को संबोधित करते हुए युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि अच्छी शिक्षा, अच्छे संस्कार, चरित्र निर्माण और मातृशक्ति का सम्मान करने जैसे शुभ कार्यों से हम सभी युवा देश को विश्व की महाशक्ति बनाएंगे। भारत की संस्कृति ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, स्वामी विवेकानंद, छत्रपति संभाजी महाराज और रानी पद्मावती जैसी विभूतियां समाज को दी हैं। ये सभी हमारे गौरव हैं इनके त्याग, बलिदान और संघर्षों की गाथा जानना हम सभी युवाओं का दायित्व है। छत्रपति संभाजी महाराज ने 40 दिन औरंगजेब की कैद में अमानवीय यातनाओं की पराकाष्ठा सही और प्राणों का उत्सर्ग कर दिया लेकिन अपना धर्म छोड़ने से इंकार कर दिया। संस्कारों की ऐसी दृढ़ता युवाओं को प्रेरणा देती है।

युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि आदर्श क्षत्रिय का निर्माण धैर्य, विनम्रता, स्वाभिमान, त्याग और मर्यादा के पांच गुणों से मिल कर होता है। यही मर्यादा हमें समाज और राष्ट्र में स्थापित करना है। क्षत्रियों ने सामाजिक समरसता का का सदैव ध्यान रखा। भगवान राम स्वयं निषाद राज और केवट के अभिन्न मित्र थे। सबको साथ लेकर चलते थे। मुगलों और अंग्रेजों ने फूट डालो राज करो कि नीति से देश को एक हजार साल तक गुलाम बनाए रखा।

युवाओं को महाराणा प्रताप के सच्चे जननायक होने का उदाहरण देते हुए बताया कि उनके शक्तिशाली हाथी " रामप्रसाद" को अकबर ने युद्ध में पकड़वा कर राजधानी बुलवा लिया। वहां हाथी ने अन्न जल छोड़ दिया और प्राण त्याग दिए। अकबर ने उल्लेख किया कि जब महाराणा प्रताप का हाथी हमारे सामने सिर नहीं झुका सका तो महाराणा को झुकाना असंभव बात है। ऐसा तब होता है जब कोई सत्य और धर्म के मार्ग पर चलता है। ऐसे महापुरुष ही हमारे युवाओं के प्रेरणा केंद्र होने चाहिए। हम युवा तप कर सूर्य की भांति चमकेंगे तभी विकास की कहानी लिखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि कर्रापुर से लेकर प्रदेश और देश में युवा प्रतिभाएं हैं उन्हें निखारने की आवश्यकता है।

क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ संरक्षक रिटा डीएसपी इंद्राज सिंह ने कहा कि इस सम्मेलन में युवाओं के उत्साह, उमंग और उपस्थिति को देख कर हृदय गदगद हो गया है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज को सरकारी नौकरियों के अभाव को देखते हुए उद्योग और व्यापार के क्षेत्रों में आगे बढ़ना चाहिए।

## सतनाम नर्सिंग होम प्रबंधन ने 8 जुलाई को पेशेंट रजिस्ट्रेशन फीस न लेने की बात कही



**सागर।** सागर के उपनगर क्षेत्र की वरिष्ठ महिला चिकित्सक और सतनाम वेलफेयर सोसाइटी की कोषाध्यक्ष डॉ त्रपत कौर के जन्मदिन 8 जुलाई के अवसर पर सतनाम वेलफेयर सोसाइटी और सतनाम नर्सिंग होम प्रबंधन ने डॉक्टर कौर के जन्मदिन को सार्थक बनाने और कमजोर वर्ग के लोगों को कुछ राहत देने के उद्देश्य से अस्पताल आने वाले मरीजों को 8 जुलाई के दिन पेशेंट रजिस्ट्रेशन फीस न लेने की बात कही है। इतना ही नहीं सोसाइटी और सतनाम नर्सिंग होम प्रबंधन ने इन मरीजों साथ आने वाले कुछ बच्चों के लिए निशुल्क रेनकोट देने की भी बात कही है। इस निर्णय के बाद सतनाम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मनी सिंह गुरोंन ने कहा की अक्सर लोग जन्मदिन के मौके पर फिजूल खर्ची कर जन्मदिन सेलिब्रेट करते हैं लेकिन सतनाम वेलफेयर सोसाइटी ने डॉ त्रपत कौर के जन्मदिन के मौके पर एक नई पहल शुरू करने का प्रयास किया है,जो आगे भी लगातार जारी रहेगी।

श्री भक्तमाल कथा के तृतीय दिवस उमड़ी भक्तों की भीड़

## बिना भक्तमाल भक्ति अधिक दूर है जिनके हृदय में भक्ति महारानी विराजमान हैं उन्हीं के पास श्री ठाकुर जी हैं : किशोर दास देव जू महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




बिना भक्तमाल भक्ति अधिक दूर है जिनके हृदय में भक्ति महारानी विराजमान हैं उन्हीं के पास श्री ठाकुर जी हैं। भगवान कहते हैं, भाव ही प्रधान है। उपासना का भाव ही भक्ति है। भाव वह पूँजी है, भाव वह वस्तु है, महाराज श्री ने प्रसंग सुनाया दुर्योधन ने महल की साजसज्जा की कि श्री ठाकुर जी आ रहे हैं और उनको भोग प्रसादी के लिए छप्पन व्यंजनों का महाभोग बनवाया, पर देखा जाये तो याहँ भाव नहीं है यही ठाकुर जी ने देखा कि जिनके घर पर एक दिन की भी भोजन की व्यवस्था नहीं है और उन्हीं विदुर जी के यहाँ ठाकुर जी भोजन करने को जाते हैं और इसी प्रेमरस में विधुर रानी जी ठाकुर जी को गोदी में बैठाकर इतने भाव से फल खिला रहीं है कि बोध ही नहीं है कि छिलका खिला रहीं हैं और वस्तु फेंक रहीं हैं और ठाकुर जी भी उसी प्रेमभाव में छिलके खाते जारहे हैं। क्योंकि वहाँ चिंतन हो रहा है।

जिनके यहाँ कल की व्यवस्था नहीं पर भक्तिभाव बहुत है और अपने गोविंद जी को बुलाती हैं। नवनीत क्या है? नवनीत माखन है। जिनके घर में नौ लाख गायें दूध माखन दे रहीं हैं पर ठाकुर जी ब्रज में गोपियों के यहाँ माखन मिश्री खा रहें हैं क्योंकि वहाँ भाव में प्रेम है। न वैभव की महिमा है, न पैसे की महिमा है। आप कितने बड़े हो न इसकी महिमा है। देखा जाये तो मेरा ठाकुर तो यह देखता है कि व्यक्ति के भाव कैसे हैं? ठाकुर जी तो आँसुओं पर रीझ जाते हैं। और उन आँसुओं को हमारे ठाकुर जी नीचे गिरने नहीं देते। आँसु कौनसे? जो श्री ठाकुरा जी के चरणों में प्रीती के लिए हों, इसके लिए नहीं कि, किसी ने आप से कुछ कह दिया तो रोने लगे। केवल और केवल ठाकुर जी के चरणों में प्रीती के लिए आँसु हों तो ठाकुर जी गिरने नहीं देते जिनके अंतःकरण में ठाकुर जी विराजे रहेते हैं, उनको कहीं आने जाने की सुध नहीं होती। जाना कहीं और, जाते कहीं और हैं क्योंकि ठाकुर जी में चित्त लगा है आनंद रस में डूबे हुए हैं। ये श्यामा शाम रंग जब तक नहीं लगा है। तभी तक हम संसार के हैं और जब ष्याम रंग चड़ जाता है तो केवल श्यामा श्याम ही नज़र आते हैं और कुछ याद नहीं रहता। कथा खूब डूबकर श्रवण करें। पता नहीं किस एक शब्द को हम छोड़ दिये जिससे हमारा कल्याण होना था। इसी भाव से कथा श्रवण किया करें। शांत चित्त होकर। मित्रता आपकी ही नहीं, संतों की भी मित्रता होती है। परंतु इस संसार की तरह संतों की मित्रता में कोई स्वार्थ नहीं होता अपितु सिर्फ ठाकुर जी के चरणों के प्रति प्रीती होती है। पूर्व के समय में एक संत सैंकड़ों लोगों के साथ संत के साथ विचरण करते थे और हम जैसे लोगों को जगाते रहते थे। संतों का कार्य ही है लोगों को जगाते रहना।

इसके पश्चात महाराज ने ब्रज के साथ ठाकुरों का वर्णन किया। उनहों ने कहा कि, जैपुर के श्री गोविंद देव साधारण नहीं हैं इन्हें प्रकट किया गया है, यह प्रथम दर्शन है। दूजे श्री मदन मोहन देव जू महाराज। तीजे श्री गोपीनाथ जी, चौथे श्री राधरमण देव जी महाराज, पॉचवे श्री राधावल्लभ जी, छठें श्री जुगल किशोर जी और सातवें श्री वृन्दावन बिहारी लाल जी। जिनमें से तीन ठाकुर जी तो श्री बॉके बिहारी जी, श्री राधावल्लभ जी और श्री राधारमण लाल जी जो श्रीधाम वृन्दावन में ही विराजमान हैं। बुंदेलखण्ड में पन्ना में साक्षात श्रीधाम वृन्दावन के श्री जुगलकिषोर जी ही विराजमान हैं। महाराज ने व्यास पीठ से कहा कि, 2025 की गुरूपूर्णिमा महामहोत्सव का यह उत्सव श्री देवराहा बाबा सिद्ध धाम प्रांगढ में मनाया जा रहा है वैसे ही 2026 में गुरूपूर्णिमा महामहोत्सव पन्ना और 2027 में छतरपुर को मिला है।

आज की कथा में महाराष्ट्र, अमृतसर, मुरैना, ग्वालियर से बड़ी संख्या में शिष्य मंडल के सदस्य एवं भक्तजनों ने कथा श्रवण की। शिष्य मंडल के सदस्य अनिल दुबे और राहुल समेले ने बताया कि हजारों की संख्या में प्रतिदिन कथा आये हुऐ सभी श्रद्धालुओं को आयोजन समिति की ओर से भोजन प्रसादी भी करायी जा रही है।

## पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत पेपरलेस चुनाव सागर में मतदानकर्मियों का प्रशिक्षण आज

**सागर।** जिले में 22 जुलाई को 16 मतदान केंद्रों में पंचायत एवं जनपद पंचायत हेतु मतदान पेपरलेस तरीके से कराए जाएंगे। इस हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं सचिव अभिषेक सिंह ने कलेक्टर संदीप जी आर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की । आयोग ने इतने बड़े स्तर पर पेपरलेस चुनाव के लिए सागर को अतिरिक्त बजट देते हुए इस चुनाव हेतु समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु दिशा निर्देश जारी किए हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रूपेश उपाध्याय ने बताया कि इस चुनाव हेतु मतदान दलों का प्रशिक्षण दिनांक 7 जुलाई को शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। जिसमें 150 से अधिक मतदानकर्मियों को प्रशिक्षण राज्य निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जाएगा। इस चुनाव के लिए विशेष रूप से इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया गया है, जिसमें पोलिंग बूथ से संबंधित जानकारी, मतदाता को सर्च करना, डिजिटल साइन एवं थंब डिवाइस के उपयोग द्वारा समस्त प्रपत्र डिजिटल फॉर्मेट में तैयार किए जाएंगे। कलेक्टर संदीप जी आर ने सागर जिले का चयन किए जाने पर आयोग को धन्यवाद दिया एवं इस चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराए जानें हेतु अधीनस्थों को निर्देशित किया ।

### कैंसर पीड़ित पिता की भी हुई मौत, क्षेत्र में फैली सनसनी

# कटा सिर रखा एक तरफ, नजदीक रखा दिखा धड़, नरबलि की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





तांत्रिक क्रिया सामान के साथ चबूतरे पर रखा हुआ एक कटा सिर, सामने नजदीक में ही रखा हुआ धड़। उक्त सनसनीखेज मामले के बीभत्स दृश्य को देखकर लोगो के साथ साथ पुलिस के भी रोंगटे खडे हो गए। यह दृश्य जिसने भी देखा, वह व्यक्ति उक्त दृश्य को देखकर अचंभित रह गया। और ज़ब मृतक के पिता की भी मौत हो गईं तब मामला और भी संदिग्ध हो गया। उक्त मामले की जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम द्वारा बारिकी से जांच की जा रही है।

जिले के चंदेरा थाना अंतर्गत ग्राम विजयपुर गांव के पास स्थित गोंड बाबा के स्थान पर ग्राम सतगुआ निवासी 32 वर्षीय अखिलेश कुशवाहा नाम के व्यक्ति की नरबलि की आशंका के साथ सिर कटी लाश मिली है। जिसमे अखिलेश के सिर को धड़ से अलग कर तांत्रिक क्रिया सामान के साथ एक चबूतरे पर रखा हुआ पाया गया और नजदीक ही धड़ भी रखा हुआ मिला है। घटना स्थल के नजदीक ही अखिलेश का खेत भी है। जहां वह विगत शनिवार की रात गया था। लेकिन ज़ब सुबह तक अखिलेश घर नहीं पहुंचा तो उसे देखने के लिए लोग ज़ब अखिलेश के खेत पर पहुंचे तो खेत के पास में ही स्थित गोंड बाबा के चबूतरे के पास उसकी सिर कटी लाश देखकर लोग अचंभित रह गए। उक्त मामले में खास बात यह है कि कटा हुआ सिर एक चबूतरा जैसी जगह पर तांत्रिक क्रिया सामान के साथ एक झंडे के नीचे रखा मिला है। जिससे उक्त मामले में नरबलि की आशंका जताई जा रही है।

यह घटना जिले के चंदेरा थाना अंतर्गत विजयपुर गांव की बताई गईं है। स्थानीय लोगों की सूचना पर जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम चंदेरा थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उक्त घटना की जानकारी आग की तरह क्षेत्र में फैलने की बजह से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि मृतक की पहचान 32 वर्षीय अखिलेश कुशवाहा के रूप में की गई है। जो सतगुआ ग्राम का निवासी था। मृतक अखिलेश के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जतारा अस्पताल भेजा गया है।

उक्त घटना की जानकारी के दौरान ही मृतक अखिलेश के पिता गोला कुशवाहा का भी रविवार सुबह ही निधन हो गया। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक अखिलेश के पिता गोला कुशवाहा कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। रविवार सुबह करीब 4 बजे उनका निधन हो गया। मृतक अखिलेश के घर में उसकी मां भी है जो मानसिक रूप से कमजोर बताई जा रही है। परिवार में मृतक अखिलेश के दो भाई भी हैं जिनमें से एक की उम्र 3 साल और दूसरे की उम्र 17 साल बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस द्वारा उक्त पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। जिससे उक्त सनसनीखेज मामले की हकीकत सामने आ सके। अभी पुलिस उक्त मामले की तह तक जाने का प्रयास करते हुए जांच पड़ताल कर रही है। क्योंकि उक्त मामला सनसनीखेज होने के साथ संदिग्ध भी दिखाई दे रहा है।

### एसपी मंडलोई के नेतृत्व में किया थाना पलेरा की हुई 4 चोरियों का खुलासा

# पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गैंग के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई के नेतृत्व में पलेरा थाना अंतर्गत चोरी मामलो के खुलासे व आरोपियों की धरपकङ करते हुए अंतर्राज्जीय चोर गैंग को पकड़ा गया है। जिनसे पूंछताछ के बाद 4 चोरियो का खुलासा किया गया है। उक्त खुलासा करने के लिए एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के नेतृत्व में 4 पुलिस टीमो का गठन किया गया था। जिसके द्वारा सफलतापूर्वक अंतर्राज्जीय चोर गैंग पकड़ी गईं है। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी में उपयोग किये गए वाहन सहित चोरी का कुल 6 लाख 27 हजार 5 सौ रूपये का माल जप्त किया गया है।

एसपी मंडलोई ने खुलासा करते हुए बताया कि 9 मार्च को फरियादी संजय उर्फ सीताराम कुशवाहा उम्र निवासी ग्राम आलमपुरा ने पलेरा थाना आकर रिपोर्ट किया कि रात्री में उसके सूने मकान मे लगा ताला तोडकर मकान के अन्दर घुसकर कमरे में रखे सोने चाँदी के जेवरात सहित कुल 41 हजार 900 रूपये का सामान अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पलेरा में अपराध पंजीवध्द कर विवेचना में लिया गया। 22 मई को फरियादी सुरेश कुमार गुप्ता निवासी कंरिया वेयर हाऊस के सामने वार्ड न. 15 ने पलेरा थाना आकर रिपोर्ट किया कि उसके घर की दुकान में रखी गुल्लक में रखे अनीता गुप्ता का आधार कार्ड, पेन कार्ड व फरियादी के कागजात मोटर साईकिल के कागजात व वन्दूक की जमा पावती रसीद एव 77 हजार 200 रुपये नगद को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

16 जून को फरियादी जमना प्रशाद तिवारी निवासी ग्राम बूदौर ने पलेरा थाना आकर रिपोर्ट किया कि उसके सूने मकान में लगा ताला तोडकर मकान के अन्दर घुसकर कमरे में रखे सोने चाँदी के जेवरात एबं नगद 54 हजार रुपये सहित कुल 90 हजार रुपये का सामान कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है।

3 जुलाई को फरियादीया विमला पत्नि स्व. बलराम कुम्हार निवासी ग्राम बखतपुरा ने पलेरा थाना आकर रिपोर्ट किया कि उसके सूने मकान मे लगा ताला तोडकर मकान के अन्दर घुसकर कमरे मे रखे सोने चाँदी के जेवरात सहित कुछ नगदी को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है।

#### वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा दिए गए निर्देश

पलेरा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियो को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक मण्डलोई द्वारा थाना पलेरा की चोरी की वारदात घटित करने वाले आरोपियों की धरपकड के लिए दिशा निर्देश देकर एसडीओपी जतारा अभिशेक गौतम के नेतृत्व में चार पुलिस टीमों का गठन कर उक्त चारो चोरियो का खुलासा शीघ्र करने के निर्देश दिए गए।

#### पूछताछ में बताया चोरी करने का तरीका

पकड़े गए आरोपियो से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि हम लोग रात्री के करीब 12 बजे से लेकर 3 बजे तक चोरी की घटनाओ को अंजाम देते थे। एंव चोरी करने के लिए जिस रास्ते से आते थे। चोरी करने के उपरान्त किसी दूसरे रास्ते से अपने घर ग्राम तक पहुँचते थे। चोरी करने के पहले हम लोग रैकी कर किसी एक सुनसान मकान को ढूढ़ते थे जिसमे हम लोग चोरी करने का प्लान तैयार करते थे।

हम लोग अपने अपने कपड़ों को उतार कर किसी सुनसान स्थान पर रख देते थे जिससे कि गाँव के लोग यदि हम लोगो को देख लेते है तो यह समझे कि यह बिना कपडों के गाँव के ही लोग होगे। हम लोग मकान का ताला तोडने के लिए सरिया पेचकस को अपने साथ लेकर जाते थे। हम लोग अपनी टीम के किसी एक व्यक्ति को अधेरे में छिपाकर खड़ा कर देते थे, जो किसी व्यक्ति के आने का पर किसी गुप्त माध्यम से मकान के अन्दर घुसे लोगो तक ईशारा करता था। जबकि दो व्यक्ति सरिया पेचकस की मदद से ताला तोडकर दीवार फांदकर घर के अन्दर जाकर घर में रखे कीमती सामान, जेवरात, नगदी को चोरी कर लेते थे।

#### जब्तशुदा किया गया माल

चोरो से जप्त किये गए चोरी के सामान में सोने की दो अगूठी, सोने का मंगलसूत्र जिसमे सोने के गुरिया लगे है, सोने के कान के फूल दो जोडी, सोने का हाय दो चाँदी की 6 जोडी पायले, चाँदी के विछिया, चाँदी का सिक्का, नगदी रूप में 22 हजार 500 रुपये एंव घटना में प्रयुक्त कट्टा मय जिन्दा कारतूस एंव घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन शामिल है। अन्तर्रान्जीय गिरोह के सदस्य जयसिह उर्फ छोटे राजा पिता गनेश सिह परमार उम्र 40 साल निवासी वार्ड न. 09 रुपनगर चरखारी थाना चरखारी जिला महोबा (उ.प्र.), के विरुद्ध जिला महोबा, ललितपुर, छतरपुर, टीकमगढ के विभिन्न थानो मे चोरी, लूट, नकबजनी, डकैती एंव हत्या जैसी गंभीर धाराओ के करीब 22 अपराध पंजीवध्द है।

### वन विभाग ने पहली बार की अतिक्रमणकारी को जेल भेजने की कार्यवाही

# वनभूमि माफिया को कड़ा संदेश देते हुए जतारा रेंजर ने निकाली अनोखी तरकीब



**टीकमगढ़।** वनभूमि पर अतिक्रमण करने व अबैध कब्जा करने के बढ़ते मामलो के बीच जतारा वन परिक्षेत्र अधिकारी शिशुपाल अहिरवार ने अनोखी तरकीब निकालते हुए ऐसी कार्यवाही की है जो वन विभाग में पहले कभी नहीं की गईं। उक्त अनोखी व सख्त कार्यवाही के माध्यम से वन विभाग द्वारा अतिक्रमणकारियों को सख्त संदेश देने का प्रयास किया गया है।

विदित हो कि वर्षा ऋतु में अतिक्रमण की रोकथाम और उसकी बेदखली के लिए किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत रोजाना वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के द्वारा कही न कही अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही करते हुए वन क्षेत्र को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जा रहा है। इसी तारतम्य में बिगत 4 जुलाई की शाम वन परिक्षेत्र जतारा की आलपुर बीट नंबर 1 के कक्ष क्रमांक आर एफ 270 ए नया कक्ष क्रमांक आर एफ 607 रिजर्व फॉरेस्ट में आलपुर गांव के एक ही परिवार के चार लोगो ख़लक सिंह यादव, घनश्याम यादव, विक्रम यादव और हरप्रसाद यादव द्वारा रातों रात एक से दो हैक्टेयर वनभूमि पर बाड़ा बनाकर कब्जा करके और उसमें से कुछ भाग पर पक्का फाउंडेशन भरकर ईंट की पिलर बनाकर पक्का मकान निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसकी खबर वन विभाग को लगने पर तत्काल वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के द्वारा वन अमले को मौके पर भेजा गया। और अतिक्रमण कर बनाये जा रहे पक्के मकान को ध्वस्त कर मौके से अतिक्रमकारियों को वन भूमि से बेदखल किया गया। जिसका विरोध अतिक्रमणकारियो द्वारा करते हुए वन अमले से लड़ाई झगड़ा और छीना झपटी की गई। जिसके बाद वन अमले ने बेदखली कार्यवाही के उपरांत ख़लक सिंह यादव, विक्रम यादव, हरप्रसाद यादव एवं घनश्याम यादव चारों निवासी आलपुर के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध करने के बाद पूरे दल बल के साथ रात्रि में अपराधियों की धरपकड़ की। जिसमे से तीन अपराधी गांव छोड़कर फरार हो गए जबकि एक अपराधी हरप्रसाद यादव को रात्रि में ही गिरफ्तार करके उसका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद न्यायलय जतारा में पेश किया गया। जिसके बाद न्यायलय जतारा द्वारा आरोपी हरप्रसाद की जमानत ख़ारिज करते हुए जेल वारंट जारी किया गया। जिसके परिपालन में वन अमले के द्वारा अतिक्रमणकारी हरप्रसाद यादव को जतारा जेल भेज दिया गया। शेष आरोपियों की खोजबीन जारी है।

उक्त कार्यवाही वन सरंक्षक छतरपुर, वन मंडल अधिकारी, एवं उपवन मंडल अधिकारी के दिशा निर्देशन और मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व में की गई। जिसमें ओमप्रकाश रैकवार कार्यवाहक उपवन क्षेत्रपाल, अशोक वर्मा वनरक्षक, शुभम पटेल वनरक्षक प्रमोद अहिरवार वनरक्षक ,विवेक वंशकार वनरक्षक , अमन प्रजापति वनरक्षक, अनिल द्विवेदी स्थाईकर्मी, आजाद खान स्थाई कर्मी, शेख सादिक खान स्थाई कर्मी और वन समिति सदस्य हल्काई यादव की मुख्य भूमिका रही।

### जिलाध्यक्ष ने भाजपा नेता अमिताभ जैन को किया पार्टी से निष्काषित, लेटर हैड पर लिखा खत हो रहा है वायरल

# पार्टी की रीती नीति, पार्टी नेताओं को याद दिलाना भाजपा नेता को पड़ा भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़


जिले के चर्चित कॉलोनीनाइजर मामले को लेकर भाजपा पार्टी के नेताओं को पार्टी की रीति नीति याद दिलाने के सहारे पार्टी के नेताओं को आइना दिखाते हुए उक्त मामले पर टिप्पणी करना भाजपा के एक नेता को तब भारी पड़ गया। ज़ब उक्त टिप्पणी के कुछ समय बाद ही उक्त नेता को भाजपा पार्टी से निष्कासित करने का पत्र भाजपा नेता को भेजने के पूर्व ही सोशल मीडिया पर बायरल कर दिया गया। उक्त पत्र की जानकारी लगने के बाद निष्कासित भाजपा नेता ने उक्त पत्र के संबंध में कोई जानकारी न होने की बात कही।

#### विपरीत आचरण कर संगठन की छवि धूमिल करने का आरोप

भाजपा नेता अमिताभ जैन पर भाजपा पार्टी की पद्धति के बिपरीत आचरण लगातार करते हुए संगठन की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए भाजपा पार्टी जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत के द्वारा भाजपा नेता अमिताभ जैन को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित करने का लेटर बायरल किया जा रहा है। यह निष्काशन लेटर मीडिया को भेजा गया है। जबकि उक्त निष्काशन लेटर के बारे में पूंछने पर अमिताभ जैन ने बताया कि उक्त लेटर उन्हें नहीं भेजा गया है और न ही उन्हें कोई सूचना दी गईं है।ॉ

#### लेटर को फर्जी बताकर मानहानि करने की कही बात

निष्कासित भाजपा नेता अमिताभ जैन ने कहा कि उक्त लेटर फर्जी है और छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास भी है। क्योंकि उक्त लेटर में न तो पत्र क्रमांक लिखा गया है और न ही मुझे प्रतिलिपि भेजना दर्शाया गया है। साथ ही उक्त पत्र के पूर्व मुझे कोई नोटिस भी जारी नहीं किया गया है। इसलिए उक्त लेटर को फर्जी मानते हुए मैं छवि धूमिल करने के कुत्सित प्रयास के चलते मानहानि करूंगा और प्रेसवार्ता कर अपनी बात मीडिया व जनता के सामने रखूंगा।



भारतीय जनता पार्टी
जिला - टीकमगढ़ (म.प्र.)
श्रीमती सरोज राजपूत
जिलाध्यक्ष

दिनांक - 05/07/2025

प्रति
श्री अमिताभ जैन
पूर्व पदाधिकारी भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ
शेलसागर चौराहा
जिला टीकमगढ़ म0प्र0

आपके द्वारा निरंतर पार्टी की कार्यपध्द्ती के विपरीत आचरण किया जा रहा है। जिससे संगठन की छवि धूमिल हो रही है।
अतः आपको संगठन की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्काशित किया जाता है।

भवदीय
(श्रीमती सरोज राजपूत)

प्रतिलिपि-
1 माननीय प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एंव सांसद खजुराहो म0प्र0 ।
2 माननीय प्रदेश संगठन महामंत्री भाजपा म0प्र0 ।
3 श्रीमान संभाग प्रभारी भाजपा सागर म0प्र0 ।
4 श्रीमान जिला प्रभारी भाजपा जिला टीकमगढ़ म0प्र0 ।



#### पार्टी किसी के पिता की संपत्ती नहीं, आईना दिखाना हर कार्यकर्ता का हक

निष्कासित भाजपा नेता अमिताभ जैन ने निष्काशन पत्र की जानकारी मिलने के बाद भड़कते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओ की पार्टी है। भाजपा पार्टी किसी के पिताजी की निजी संपत्ती नहीं है। भाजपा नेता ने बताया कि उन्होंने अबैध कॉलोनी निर्माण को लेकर कॉलोनीनाइजरो के बिरुद्ध कलेक्टर व जिला प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए भाजपा नेताओं को आईना दिखाने बाला एक लेख बायरल किया था। जिससे क्षुब्ध होकर यह निष्काशन पत्र बायरल किया गया है। जबकि भाजपा पार्टी कार्यकर्ता बेस पार्टी है और इसके बाबजूद भाजपा के ही कुछ नेता उक्त अबैध कॉलोनी निर्माण संबंधी मामले में कार्यवाही से बचाब करने का कार्य कर रहे हैं। इसलिए हमने भाजपा पार्टी की छवि धूमिल होने से बचाने का प्रयास करते हुए लेख बायरल किया था। लेकिन मुझपर उल्टा संगठन की छवि खराब करने का आरोप लगा दिया गया।

## अवैध कॉलोनी मामले को लेकर लिखी चोर-चोर मौसेरे भाई बाली कहावत

जिले के चर्चित अबैध कॉलोनी निर्माण के बिरुद्ध कार्यवाही संबंधी मामले को लेकर निष्कासित भाजपा नेता अमिताभ जैन द्वारा लेख बायरल किया गया था जिसका शीर्षक था, ₹₹चोर चोर मौसेरे भाई, क्या प्रभारी मंत्री ही अब अपराधियों को बचाएगी?₹₹₹

लेख में आगे लिखा था कि ₹हिंदी भाषा के उक्त मुहावरे टीकमगढ़ जिले में चरितार्थ होते दिख रहे है। अवैध कॉलोनाइजर के खिलाफ टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोती के द्वारा की जा रही कार्यवाही प्रशंसनीय है। मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार टीकमगढ़ नगर के लगभग सभी अवैध कॉलोनाइजर एक जुट होकर कलेक्टर की शिकायत करने जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर के पास भोपाल पहुंचे। गौर करने वाली बात यह है कि इस मुद्दे को उठाने में भाजपा के नेता ही अग्रणी रहे। ये होना बहुत अचंभित नहीं कर रहा है। यहां भी अवैध कॉलोनाइजर बने तथाकथित नेताओं के द्वारा चतुराई से इस मुद्दे को भी जनता की परेशानी के रूप में प्रभारी मंत्री के समक्ष प्रदर्शित किया है। और प्रभारी मंत्री भी इस चक्रव्यू में फंस गई क्योंकि अगर जनता के हित की बात की जाएगी तो उसके विरुद्ध में कोई बयान नहीं दिया जा सकता है। एक अवैध कॉलोनाइजर का कहना है कि सिंगल विंडोज प्रोग्राम बनाया जाना चाहिए, अभी की जो प्रक्रिया है उसमें समय लगता है जिस कारण ही ये अवैध कॉलोनी बन गई है। बही जिले में ऐसी भी कॉलोनी है जो पूरी तरह से कानून का पालन करते हुए सभी अनुमति लेने के बाद विकसित की गई है। लेकिन उन कॉलोनाइजर को कोई परेशानी नहीं हुई। साथ ही यही नियम पूरे प्रदेश के लिए है लेकिन अन्य किसी जिले में ऐसी समस्या सामने नहीं आई। लेकिन टीकमगढ़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर जब प्रशासन के डंडे चलने का समय आया तब सभी अवैध कॉलोनाइजर एक होकर सही कार्य करने वाले को रोकने में लग गए है। प्रश्न ये नहीं होना चाहिए कि जो लोग अवैध कॉलोनी में बस गए है उनका क्या होगा, उनके अधिकारों के लिए क्या करना पड़ेगा?? प्रश्न ये होना चाहिए कि जिन्होंने अवैध कॉलोनी बनाई है उनके खिलाफ क्या कार्यवाही होगी। जिससे कड़ा संदेश जाए और भविष्य में अवैध कॉलोनी विकसित न हो।

लेख में आगे लिखा गया कि मप्र नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 के नियम 26 के तहत बिना विकास के कॉलोनी बेचना अपराध है। अब अगर अवैध कॉलोनी विकसित करने वाले पर होने वाली कार्यवाही के बीच प्रभारी मंत्री आती है तो ये वैसा ही होगा कि अवैध कॉलोनी बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों के बचाने के लिए सरकार ही बीच में आ गई है। हालांकि कलेक्टर टीकमगढ़ ने शनिवार को हुई कॉलोनी विकसित करने के संबंध में कार्यशाला में अवैध कॉलोनी के विषय में बात करने से इनकार कर दिया है। जो स्पष्ट करता है कि कलेक्टर टीकमगढ़ की इच्छा शक्ति अपने कार्य के प्रति दृण है। उक्त लेख पर ही पार्टी के अंदर बबाल मच गया और फिर निष्कासन का लेटर बायरल होने लगा।

### जगह-जगह लगी सबीले, अखाड़ेबाजी और लाख का हुआ प्रदर्शन

# मातमी धुन के बीच जुलूस के रूप में निकले ताजिए करबला में दफन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

मोहर्रम की 10 तारीख (आशूरा) को जिला मुख्यालय सहित विभिन्न गांवों में ताजियों का जुलूस निकाला गया। देर शाम ताजियों को करबला ले जाकर आस्थापूर्वक दफनाया गया। इसी के साथ 10 दिवसीय ताजियों का मातमी पर्व समाप्त हो गया। ताजियों के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

सुबह 11:30 बजे से ही ताजियों का बाजार में आना शुरु हो गया। किला रोड गर्ल्स स्कूल के पास से सूबात चौराहे तक दोपहर 12:30 बजे तक सभी इमामबाड़ों से पहुंचे ताजिए अपने-अपने स्थान पर रखे गए। शाम 04 बजे तक ताजिए यथास्थान पर रखे गए। इसके बाद ताजियों का करबला की ओर निकलना प्रारंभ हो गया। टोड़ी गणेश मंदिर से अंतिम ताजिया सूर्यास्त पहले ही निकल गया था। इसके बाद मंदिर पर आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उधर करबला पर पहुंचे ताजियों का नदी में दफनाने का काम देर रात 12 बजे तक चला। अंतिम ताजिए के रुप में बड़ा इमामबाड़ा पंचायत के ताजिए को करबला में दफनाया गया। हालांकि, ताजियों का जुलूस शांतिपूर्वक निकला। इस दौरान पुलिस प्रशासन शहर सहित पूरे जिले में सुरक्षा को लेकर अलर्ट मोड में रहा। उधर बड़ौदा, कुहांजापुर, पांडोला, मानपुर, ढोढर, कराहल, विजयपुर, वीरपुर आदि स्थानों से भी शांतिपूर्ण तरीके से ताजिए निकालने के समाचार मिले हैं।




**जगह-जगह लगी सबीले**

ताजियों के जुलूस के दौरान बाजार में जगह-जगह सबीले लगाई गई। जिस रुट से ताजिए निकाले गए, वहां पर स्वयंसेवी संस्थाओं व स्थानीय लोगों ने सबील लगाकर जुलूस में शामिल लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए मीठे पानी का शरबत पिलाया। कुछ सबीलों पर हलीम, बिरयानी, कबूली बांटी गई। छारबाग टीला मोहल्ला, किला गेट पर, मैन बाजार डॉ. शाकिर अली की दुकान पर, पीर मदार के पास सामूहिक रुप से लोगों ने सबीले लगाई थी। इसके अलावा व्यक्तिगत रुप से घर-घर लोगों ने अपने स्तर पर शरबत बनाकर पिलाया व स्वल्पहार वितरण किया।



**इस बार 16 के स्थान पर 15 ताजिए ही निकाले गए**

एक पंचायत ने ताजिए निकालने पर पाबंदी लगा देने से इस बार वहां से ताजिया नहीं आया। उधर बड़ा इमामबाड़ा का ताजिया परंपरागत रुट के बजाए ब्राह्मण पाड़ा से बड़ा इमामबाड़ा होते हुए करबला पहुंचा। इससे परंपरागत रुट टोड़ी गणेश बाजार से 16 के स्थान पर सिर्फ 14 ताजिए ही निकाले गए। टोड़ी गणेश मंदिर पर ताजियों के जुलूस को देखने के लिए विधायक बाबू जंडेल, कलेक्टर अर्पित वर्मा, एसपी वीरेंद्र जैन सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता व गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### पथराव के दौरान भाजपा नेता का बेटा जख्मी,11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# भाजपा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष के घर पर पथराव, बोलेरो और स्कूटी तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भाजपा अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पूरन आर्य के घर पर बीती रात को दर्जनभर से अधिक लोगो ने पहुंचकर पथराव कर दिया और उसके घर पर रखी बोलेरो गाडी और स्कूटी में तोडफोड कर दी। पथराव के दौरान भाजपा नेता पुत्र जख्मी हो गया है। पथराव की सूचना मिलने के बाद एसडीओपी और कोतवाली टीआई पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए,जिसके चलते भाजपा नेता के घर के आसपास का क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

लेकिन पथराव करने वाले लोग पुलिस के पहुंचने के बाद पहले ही भाग निकले। इस मामले मे कोतवाली थाना पुलिस ने भाजपा नेता पूरन आर्य की शिकायत पर 11 नामजद आरोपियों के खिलाफ पथराव सहित अन्य कई धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।



यहां बताना होगा कि भाजपा नेता पूरन आर्य पर एक आदिवासी महिला के द्वारा घर में घुसकर छेडछाड किए जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली थाने में छेडखानी की एफआईआर दर्ज करा दी। भाजपा नेता पूरन आर्य ने इस मामले में पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन को आवेदन देते हुए उसके खिलाफ दर्ज छेडछाड की एफआईआर को उसके खिलाफ साजिश बताते हुए मामले की जांच किए जाने की मांग की। बताया जा रहा है कि छेडछाड का आरोप लगाने वाली महिला के सास सहित अन्य परिजनों ने भी भाजपा नेता के पक्ष में बयान देते हुए छेडछाड की एफआईआर को गलत बताया है।

इस मामले की पुलिस जांच करती, उसके पहले ही रात्रि के दौरान भाजपा नेता के घर पर पहुंचे दर्जनभर से अधिक लोगों ने पथराव कर दिया तथा घर में घुसकर सामानों में तोडफोड कर दी। पथराव के दौरान भाजपा नेता के बेटे को भी चोट आई है। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने पूरन आर्य निवासी चैनपुरा की रिपोर्ट पर विकास पुत्र रणवीर, दीपू, कुंभकरण, रामू, मन्नू, रवि, सिन्नी, चुटिया, सूरज,बंटी, भोला जाति आदिवासी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

### भाजयुमो ने मनाई मुखर्जी जयंती, रोपा पितृ पुरुष के नाम पौधा

# न दो निशान रहेंगे न दो प्रधान मुखर्जी के सपने पूरे होंगे: शशांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देश में दो निशान दो प्रधान नहीं चलेंगे जो सपना भाजपा के पितृ पुरुष श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देखा था उसे हमारी सरकार पूरा कर रही है और जो करना बाकी रह गया है उसे भी हर हाल में पूरा किया जाएगा। यह बात भाजपा के पितृ पुरुष माने जाने वाले पं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने उनके जीवन व्रत पर प्रकाश डालते हुए कही।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर रविवार को भाजपा कार्यालय पर भाजयुमो की ओर से पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य और भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को पूरा किया है उन्होंने कहा था कि इस देश में दो निशान दो प्रधान नहीं चलेंगे और जम्मू कश्मीर में धारा 370 की हटाने की वकालत की और उसके लिए अपने प्राणों की आहुति दी आज केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद सबसे पहले भाजपा सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 को खत्म करके जम्मू कश्मीर का गौरव वापस लौटाया गया कार्यक्रम के बाद सभी ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाट जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, जिला महामंत्री गिरधारी लाल बेरवा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओम राठौर, जिला कार्यालय मंत्री सत्यनारायण यादव , नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, महेश राठौर सहित भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# खेत पर घायल अवस्था में मिले युवक की मौत,कत्ल किए जाने का अंदेशा

**बडौदा थाना क्षेत्र के मूंडला गांव का मामला,जांच में जुटी पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र के गांव मूंडला के हार के एक खेत में रविवार की सुबह एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों के बीच घायल अवस्था में पडा मिला। जिसे इलाज के लिए पहले बडौदा अस्पताल लाया गया,जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की गर्दन पर चोट के निशाना होने से उसका मर्डर किए जाने का अंदेशा लग रहा है। फिलहाल बडौदा थाना पुलिस ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम मूंडला निवासी भोजराज बैरवा 35 वर्ष पुत्र मंशाराम बैरवा रविवार की सुबह अपने चाचा के साथ खेत पर काम करने के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह एक खेत में घायल अवस्था में पडा मिला। उसके गर्दन चोट होने की वजह से वह कुछ बोल भी नहीं पा रहा था। परिजनों को इसका पता चलने पर वे उसे इलाज के लिए तत्काल बडौदा अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया, जिला अस्पताल में भोजराज ने इलाज के दौरान दम तोड दिया। पुलिस भी गर्दन में चोट होने के चलते हत्या किए जाने की बात से इनकार नहीं कर रही है।

**पीएम रिपोर्ट से होगी हत्या की पुष्टि**

बडौदा थाना पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर मृतक युवक के शव का पीएम करवाया और फिर उसके शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। लेकिन अभी पुलिस को पीएम रिपोर्ट नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पुलिस अपनी जांच की कार्रवाई को आगे बढाएगी। क्योंकि पीएम रिपोर्ट से काफी हद तक यह साफ हो जाएगा कि युवक की मौत कैसे हुई।

**इनका कहना है**

युवक खेत पर घायल अवस्था में मिला है। जिसकी इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। मौत का स्पष्ट कारण तो पीएम रिपोर्ट से पता चलेगा। लेकिन हत्या किए जाने की बात से भी इनकार नहीं किया सकता। मामले की जांच की जा रही है।

सत्यम सिंह गुर्जर
टीआई, बडौदा

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की स्वाभिमान रैली 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षक स्वाभिमान रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम 13 जुलाई को आयोजित होगा। यह जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष पदम सिंह मीणा ने प्रेस नोट जारी करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के निर्देश पर प्रदेश व्यापी इस अभियान के तहत मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में ई अटेंडेंस आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग प्राथमिकता से अंकित की गई है। इसके अलावा केंद्रीय कर्मचारियों के समान शिक्षको को भी पेंशन लागू की जाने। आदि मांगे प्राथमिकता से अंकित की गई हैं। जिला अध्यक्ष ने बताया कि यह ज्ञापन श्योपुर विकासखंड के साथही विजयपुर और कराहल विकासखंड मुख्यालयों पर भी दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों के हितार्थ इस आंदोलन को सफ़ल बनाने की अपील सभी शिक्षकों से की है।

### रक्तदान कर बचाई जरूरतमंद की जान

श्योपुर। जिला अस्पताल में भर्ती एक जरूरतमंद व्यक्ति की संकट फंसी जान राजा भैया मित्र मंडल रक्तदान टीम के सदस्य शिवप्रताप सिंह भदौरिया ने अपने रक्त का दान करके बचाई। दरअसल जिला अस्पताल में भर्ती मरीज को ए पॉजीटिव रक्त की जरूरत थी। लेकिन ब्लड बैंक इस ग्रुप के ब्लड की उपलब्धता नहीं थी। इसकी सूचना मिलने पर शिवप्रताप सिंह भदौरिया रविवार को बिना कोई देर किए जिला अस्पताल पहुंच गए,जहां उन्होने अपने ए पॉजिटिव ग्रुव के ब्लड का दान किया।



### मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष का भ्रमण कार्यक्रम

श्योपुर। बाल सरंक्षण आयोग के अध्यक्ष कैबीनेट मंत्री दर्जा द्रविंद्र मोरे श्योपुर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहेगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आयोग के अध्यक्ष मोरे 6 जुलाई को शाम 6.30 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस श्योपुर पहुंचेगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे। आयोग अध्यक्ष मोरे 7 एवं 8 जुलाई को जिला श्योपुर में शासकीय, अशासकीय संस्थाओं का अवलोकन करेंगे तथा सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होगे, इसके साथ ही जिले के महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के साथ बैठक करेंगे। 9 जुलाई को मोरे प्रातः 8 बजे श्योपुर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बीएमएस के प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व श्रमिक हित में समर्पण के साथ कार्य करना

**मजदूर संघ का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

प्रशिक्षण का उद्देश्य संघ को मजबूत और समर्पित कार्यकर्ता देना है। भारतीय मजदूर संघ कार्यकर्ता के निर्माण के लिए समय-समय पर इस तरह के अभ्यास वर्ग का आयोजन करता है। महत्वपूर्ण और आवश्यक विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाता है। सबसे बड़ा संगठन होने के कारण बीएमएस के प्रत्येक कार्यकर्ता, पदाधिकारी का दायित्व है कि वे श्रमिक हित में समर्पण के साथ कार्य करें।

यह बात भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख फतेह सिंह गुर्जर ने रविवार को श्योपुर में आयोजित भारतीय मजदूर संघ के एक दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होने उपस्थित कार्यकर्ताओं को कार्यपद्धति के साथही पंच परिवर्तन सहित अन्य कई विषयों को लेकर विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस प्रशिक्षण वर्ग में मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष रामभजन रावत, जिला मंत्री प्रेमप्रकाश शर्मा,बीएमएस के अनुसांगिक संगठन मप्र राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज पाराशर, जिला सचिव रविन्द्र सिंह तोमर, बीएमएस उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, उमा गुप्ता, पूरण राठौर सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।




### जिला आयुष व डीईओ कार्यालय तक नहीं है आने जाने का रास्ता

# पहुंच विहीन स्थान पर बना दिए दो विभागों के कार्यालय, अफसर पहुंच पा रहे हैं न लाभार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पूर्व के अधिकारियों की लापरवाही का दंश इन दिनों शिक्षा विभाग और आयुष विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को झेलना पड़ रहा है। पहुंच विहीन स्थानों पर कार्यालय बना देने से इन दफ्तरों में अधिकारी कर्मचारियों के साथ लाभार्थियों को भी पहुंचने में परेशानी आ रही है।

ढाई दशक पहले डीईओ कार्यालय एवं जिला आयुष कार्यालय के लिए जिला न्यायालय के पीछे अमराल नदी किनारे भवन बनाए गए थे। पहुंच विहीन इन कार्यालय तक पहुंचने का रास्ता नहीं होने के चलते लंबे समय तक भवन बनने के बाद भी यहां कार्यालय संचालित नहीं हुए। बाद में तत्कालीन कलेक्टर जीबी पाटील द्वारा डाले गए दबाव के चलते दोनों कार्यालय को अपने भवनों में इस आश्वासन के साथ शिफ्ट कर दिया गया कि शीघ्र ही कार्यालय तक पहुंचने के लिए रोड बना दिया जाएगा लेकिन कार्यालय में शिफ्ट होने के दो दशक बाद भी रोड नहीं बना। पहले तो कच्चे रास्ते से होते हुए इन कार्यालयों तक अधिकारी कर्मचारी और लाभार्थी पहुंच भी जाते थे लेकिन अब तो वह कच्चे और ऊबड़खाबड़ रास्तों को भी उन विभागों ने बंद कर दिया जिनके अधिपत्य में उक्त सरकारी ज़मीन आती थी। जिससे यह कार्यालय अपने आप में कैद होकर रह गए। अफसर और कर्मचारी एवं लाभार्थी जुगाड़ से यहां पहुंच पा रहे हैं।




**डीईओ ने कटवाए बबूल, डलवाई मिट्टी तब पहुंचे ऑफिस**

क्रेशर कॉलोनी से डीईओ ऑफिस के लिए जो रास्ता फिलहाल बनाया गया है वह रास्ता आने-जाने के लिए लायक नहीं था। रास्ते में बबूल उगने और जगह-जगह गड्ढे होने के कारण वहां तक नहीं पहुंच पाना आसान नहीं था। इसलिए डीईओ एमएल गर्ग को पहले बबूल कटवाने पड़े और उबड़ खाबड़ गढ़ों में गिट्टी मिट्टी भरकर उन्हें समतलीकरण करना पड़ा तब वह ऑफिस पहुंच सके। हालांकि इस काम के लिए उनके पास कोई सरकारी फंड भी नहीं था पर मजबूरी में उनको यह काम भी अपने ही वेतन से अथवा कर्मचारी के जन सहयोग से करवाने को मजबूर होना पड़ा।

**वकीलों को आवंटित हुई ज़मीन पर गेट लगाकर बंद किया रास्ता**

वकीलों के चेंबर बनाने के लिए जो जमीन आवंटित की गई है इसमें पहले भी कई बार हिस्सेदारी वकीलों को करनी पड़ी है। दरअसल इसके लिए ज़मीन तो बहुत अधिक आवंटित हुई थी पर बाद में उक्त ज़मीन का बड़ा भू भाग डाइट कार्यालय भवन को के लिए आवंटित कर दिया गया। इससे पहले जिला उपभोक्ता न्यायालय भवन भी इसी आवंटित भूखंड में निर्माण किया गया था। हाईकोर्ट के एक भूमि विनियम फैसले में भी इसी भूखंड से ज़मीन छोड़नी पड़ी। जितनी संख्या में श्योपुर जिला न्यायालय में वकील प्रैक्टिस करते हैं उतनी संख्या में भवन बनने के लायक जमीन भी नहीं बची है ऐसी स्थिति में अब कोई भी हिस्सेदारी वकील अपनी जमीन में से नहीं चाहते हैं। जिसके कारण वह शीघ्र ही इस भूखंड पर निर्माण कर वकीलों के लिए चैंबर बनाने की तैयारी में है। वकीलों के लिए आवंटित हुई इस ज़मीन पर ओर अधिक हिस्सेदारी न हो इस उद्देश्य से वकीलों ने वहां गेट लगाकर ताला जड़ दिया है जिससे इन दो सरकारी कार्यालय तक आना जाना बंद हो गया है।

**इनका कहना है**

पहले बिजली विभाग की जमीन से होकर कार्यालय आ जाते थे बिजली विभाग ने बाउंड्री वॉल कर रास्ता बंद कर दिया। इसके बाद वकीलों की जमीन में से होकर आना-जाना होता था वकीलों द्वारा गेट लगा देने से डाइट कार्यालय से होकर आ रहे थे लेकिन डाइट कार्यालय में भी उक्त स्थान पर भवन बना कर रास्ता बंद कर दिया अब क्रेशर बस्ती तक पहुंचकर वहां से पैदल ऑफिस आना पड़ता है।

डॉ जीपी वर्मा
जिला आयुष अधिकारी श्योपुर

# देवशयनी एकादशी पर सेवानिवृत बीईओ ने वट वृक्ष किए प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी श्योपुर केसी गोयल ने देवशयनी एकादशी पर रविवार को बट वृक्ष प्लांट कर प्रकृति संरक्षण के तहत उनके द्वारा चलाए जा रहे अभियान को आगे बढ़ाने का काम किया। ज्ञात हो कि सेवानिवृति के बाद से ही गोयल पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं।

सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी केसी गोयल ने अपने पुत्र दीपक गोयल एडबोकेट एवं रमेश गुप्ता चाय वालों के सहयोग से रविवार को बाईपास रोड़ स्थित हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के शिव मंदिर पार्क मे बट वृक्ष प्लांट किया। जो बट वृक्ष प्लांट किया गया है उसकी उम्र 5 बर्ष होकर ऊंचाई आठ फीट है। बता दे कि सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी इसी तरह सार्वजनिक स्थलों पार्क, मंदिर प्रांगण इत्यादि स्थानों पर बरगद, पीपल, शीशम जैसे छायादार वृक्षों को प्लांट करते रहते हैं। वह वृक्षों को अपने ही घर की छत पर तैयार करते हैं। पौधे का रोपण पहले गमले में करने के बाद उसे 7 से 10 फीट तक ऊंचाई का होने तक संरक्षण करते हैं और जब वह वृक्ष बन जाता है तो उसे इन सार्वजनिक ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर प्लांट कर देते हैं जहां वह लोगों को छाया दे सके और उसका संरक्षण भी हो सके।



## खबर संक्षेप



### रक्त की कमी से जूझ रही बच्ची को रक्तदान

**ललितपुर।** मध्यप्रदेश के चंदेरी निवासी सियाराम विश्वकर्मा की डेढ़ वर्षीय पुत्री बीमारी के चलते रक्त की कमी से जूझ रही थी। चिकित्सकों ने उसकी जांच कर रक्त की आवश्यकता बताई। बच्ची का एबी पॉजिटिव रक्त की जरूरत बताई। पूरी रात्रि बच्ची के पिता अस्पताल में भटकते रहे। तब किसी ने उन्हें जय अम्बे रक्तदान समिति से सम्पर्क करने की बात कही। समिति के सदस्यों ने तत्काल रक्तदाता तोहिद अली जो कि पंचायत राज विभाग में कर्मचारी है। उन्होंने तत्काल जिला अस्पताल पहुंचकर डेढ़ माह की बच्ची को रक्तदान किया।

### मारपीट में चार लोगों पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्र के ग्राम बंगरिया में सुबह-सुबह लाठी-डंडों से हमले की एक हिंसक घटना सामने आई है। पीड़ित रगवीर अहिरवार ने आरोप लगाया है कि चार लोगों ने उन्हें और उनके भाई महेंद्र को बिना किसी प्रोवोकेशन के बेरहमी से पीटा। ग्राम बंगरिया, थाना पाली में लखपति, नेकपाल, शंकू, सुखदीन सभी ग्राम बंगरिया निवासी ने गाली-गलौज, लाठी-डंडों से हमला और धमकी। पीड़ित रगवीर अहिरवार ने बताया कि वह अपने घर के बाहर चबूतरे पर बैठे थे, तभी चारों आरोपी वहां पहुंचे और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने मना किया, तो आरोपियों ने उन पर और उनके भाई महेंद्र पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित ने थाना पाली में शिकायत दर्ज कराई है।

### गाली गलौज कर की मारपीट

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र के मजरा टपरियन में एक युवक व युवती की पिटाई करने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष के अनुसार, गत 3 जुलाई को दोपहर करीब 2 बजे लाखन लोधी ने बिना किसी प्रोवोकेशन के जितेंद्र लोधी और मनीषा लोधी को गाली-गलौज करने के बाद लात-घूंसों से मारा। बताया कि आरोपी लाखन लोधी ने पीड़ितों को गंभीर चोटें पहुँचाई और जान से मारने की धमकी दी। उसने पीड़ितों की मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी नष्ट कर दिए। पीड़ित पिता रामगोपाल लोधी ने थाना प्रभारी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित परिवार ने न्याय की मांग की है, जबकि आरोपी पक्ष की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

### वन महोत्सव पर अधिक पौधे लगाने की अपील

**ललितपुर।** वन महोत्सव 2025 के अवसर पर ललितपुर वन प्रभाग की गौना रेज अन्तर्गत ग्राम बिरधा, विकासखण्ड बिरधा के अमृत सरोवर तालाब पर पीपल, बरगद, आंवला एवं सहजन के पौधों का पौधरोपण किया गया है, इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैलाश नारायण निरंजन, अध्यक्ष जिला पंचायत ललितपुर द्वारा पीपल एवं बरगद के पौधों का रोपण किया गया है. इसके साथ-साथ ग्राम प्रधान बिरधा एव स्थानीय ग्रामीण नागरिकों के द्वारा गोल्डमोहर, आंवला, सहजन आदि के पौधों का पौधरोपण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा आमजन से अपील की गयी की वन महोत्सव 2025 में अधिक से अधिक पौधरोपण करें एवं रोपित किये गये पौधों की देखरेख एवं सुरक्षा करें।

### मुखर्जी की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने दी पुष्पांजलि

**बीना।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डॉक्टर मुखर्जी का जीवन राष्ट्रनिष्ठा, बलिदान और अखंड भारत के संकल्प का प्रतीक रहा है। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, शशि कैथोरिया प्रदेश कार्यकरणी समिति, विजय हुरकट, रमेश जडिया, मनोज शर्मा, रमाकांत बिलगैया, लोकेंद्र ठाकुर आदि मौजूद थे।

### ईओ नगर पालिका ने तीन वार्डो का किया निरीक्षण

# सफाई व प्रकाश व्यवस्था पर दिया जोर, वार्डों में गंदगी पाए जाने पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शनिवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व उपजिलाधिकारी सदर मनीष कुमार के निर्देशन में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा वार्ड पार्षदों व टीम के साथ नगर के वार्ड नंबर 26 मुहल्ला महावीरपुरा, वार्ड नंबर 25 मुहल्ला चौबयाना व वार्ड नंबर 2 के मोहल्ला रैदासपुरा के तुलसीनगर का निरीक्षण किया गया। वार्ड नंबर-26 मोहल्ला महावीरपुरा के पार्षद गिरीश पाठक सोनू द्वारा नालियों में गाटर के स्थान पर पत्थर लगवाने, शिव जी मंदिर के ऊपर सोलर पम्प लगाये जाने, कठरया जी के मकान के गली दो वार्डों में पाई गई, जिसमें दोनों वार्डों के वासियों द्वारा कूड़ा आदि डाल दिया जाता है, जिस पर साफ सफाई व्यवस्था कराने एवं गली हेतु दीवार उठाने आदि के कहा गया, इसके उपरांत बद्रीप्रसाद शुक्ला के मकान के पास रोड़ पर नालियों में लगे गाटर की मरम्मत कराये जाने हेतु कहा गया।

इसके बाद टीम द्वारा वार्ड नंबर 26 में स्थित नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी द्वारा कक्षा कक्षों को देखा गया, निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्या नमिता गुप्ता द्वारा बताया गया कि एक कक्षा कक्ष में बरसात के मौसम में पानी कर रिसाव होता है, खिड़किया आदि जीर्णशीर्ण हालत में है, जिस पर अधिशासी अधिकारी द्वारा अवर अभियंता खुशबू खान को निर्देशित किया गया कि कक्षा कक्ष में हो रहे रिसाव को तत्काल रूप से बंद कराया जाये।



### चौराहे पर की जाए लाइटिंग व्यवस्था दुरुस्त

विद्यालय के बाहर चौराहे पर लाईटिंग व्यवस्था कम पाई गई, अधिशासी अधिकारी द्वारा मुख्य स्टोर लिपिक महेन्द्र यादव को लाईटों की उचित व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। वार्ड पार्षद गिरीश पाठक सोनू द्वारा कहा गया कि वार्ड में वर्तमान में सभी कार्य ठीक है, वार्ड में किसी भी प्रकार का जल भराव आदि नहीं है, साफ-सफाई व्यवस्था पूर्ण है। वहीं अधिशासी अधिकारी द्वारा मोहल्ला कटरा बाजार का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान मोहल्ले में एक भवन स्वामी द्वारा नाली को पूर्ण रूप से बंद कर भवन का निर्माण कर लिया गया था, अधिशासी अधिकारी द्वारा भवन स्वामी को निर्देश दिये कि तत्काल रूप से उक्त अतिक्रमण को हटा लिया जाये, अन्यथा की स्थिति में पालिका टीम द्वारा किये गये अतिक्रमण को ध्वस्त किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कटरा बाजार में अतिक्रमणकारियों द्वारा सरकारी कुंए को बंद कर डिब्बा खोखा रखकर व्यवसाय किया जा रहा है, अधिशासी अधिकारी द्वारा समस्त दुकानदारों को हिदायत दी गई कि जल्द से उक्त स्थल से किये गये अतिक्रमण को हटा लिया जाये।

### नया कुआं जीर्णशीर्ण हालत में

वार्ड नंबर 25 मोहल्ला चौबयाना के निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद धर्मवीर कुशवाहा द्वारा निर्माण कार्यों में अवगत कराया कि राजेश कुशवाहा के मकान के नया कुआं जो जीर्णशीर्ण हालत में है उसकी मरम्मत कराई जाएगी, मलैया मंदिर के पास 25 मीटर लम्बाई व 5 मीटर चौड़ाई सडक़ कार्य, मंदिर के पास वाले कुंआ पर सोलर, गेट नंबर 2 स्कूल के पास कुंआ की मरम्मत आदि कार्यों से अवगत कराया, जिस पर अधिशासी अधिकारी द्वारा सम्बन्धित अवर अभियंता एवं लिपिक को निर्देशित किया गया। वार्ड में साफ सफाई व्यवस्था सही पाई गई। इस दौरान पार्षद द्वारा बताया गया है कि मलैया बाबा मंदिर पास लगे खंबों पर लाईट नहीं लगी है, रात में अंधेरा रहता है, जिस पर अधिशासी अधिकारी द्वारा मुख्य स्टोर लिपिक महेन्द्र यादव को लाईट लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा वार्ड में पेयजल हेतु नये तरीके से जल निगम द्वारा सर्वे कराकर पाइप लाइन डलवाये जाने हेतु कहा गया। बताया गया कि वर्तमान में सफाई व्यवस्था ठीक है, वर्तमान में वार्ड में किसी भी प्रकार का गलियों में जल भराव नहीं पाया गया।



### जल भराव से निपटने के लिए किया निर्देशित

वार्ड नंबर 2 मुहल्ला रैदासपुरा के पार्षद प्रतिनिधि करन कुशवाहा द्वारा पनारी रोड नाला के मोहल्ले को जाने वाले रास्ते पर जल भराव की स्थिति से अवगत कराया, जिस पर अधिशासी अधिकारी द्वारा टीम के साथ मौके का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने अवर अभियंता एवं लिपिक को निर्देश दिये गये मैन रोड से साहू के मकान तक का स्टीमेट बनाकर तैयार करें, जल भराव की समस्या के लिए तत्काल मिट्टी आदि से जल भराव की समस्या का समाधान करें, जिससे बरसात के समय में आम नागरिकों को समस्या उत्पन्न न हो।

### ईओ ने करबला घाट का किया निरीक्षण, सफाई के दिए निर्देश

वार्ड नंबर 21 मोहल्ला तालाबपुरा में मोहर्रम पर्व के चलते शहर से निकलने वाले ताजिया को पानी में विसर्जन किये जाने हेतु नदी पर स्थित करबला घाट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी ने कहा कि ताजियों के विसर्जन आदि में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो सफाई एवं खाद्य निरीक्षक से घाटों पर साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये गये। इसके उपरांत निर्माण लिपिक को निर्देश दिये गये घाटों के पास नावों आदि का पूर्ण इंतजाम किया जाये, कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दास्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, पार्षद गिरीश पाठक सोनू, पार्षद अमरदीप रजक, पार्षद धर्मवीर कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि करन कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि अमित नायक, कर निर्धारण अधिकारी/अतिक्रमण प्रभारी श्री राजेन्द्र प्रसाद, कर अधीक्षक/प्रभारी सफाई निरीक्षक राजेश जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, अवर अभियंता खुशबू खान, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र रैकवार, मुख्य स्टोर लिपिक महेन्द्र सिंह यादव, नजूल लिपिक सुधीर रावत, अमित कुमार रिंकू, हितेन्द्र रैकवार, धीरेन्द्र घावरी, संतोष नगाईच, अंकित तिवारी सहित संबंधित वार्ड के स्वास्थ्य नायक एवं पालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### मादौन में गोवंश आश्रय निर्माण का मामला

## घटिया सामग्री का प्रयोग कर सरकारी धन का दुरुपयोग, ग्रामीणों ने की जांच की मांग



ललितपुर। जहां एक ओर शासन द्वारा गोवंश को संरक्षित करने के लिए भारी भरकम धनराशि खर्च की जा रही है, तो वहीं गौशालाओं का निर्माण करने वाले ठेकेदार खुलेआम शासन की मंशा पर पलीता लगा रहे हैं। उनके द्वारा मानक को तक पर रखकर घटिया सामग्री प्रयोग में लायी जा रही है। जिससे गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं। ब्लाक बिरधा के ग्राम पंचायत मादौन में बन रही गोशाला में कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य में भारी अनिमित्ताएं बरतीं जा रहीं हैं। ठेकेदार अपनी हठधर्मिता से बाज नही आ रहे है। मादौन में बन रही गौशाला में ठेकेदार की ओर से घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। जेसे लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में चल रहा गोशाला निर्माण कार्य की सामग्री भी कहीं दूर से नहीं लाई जा रही है, गांव की खराब गिट्टी, देशी गुम्मे सहित बजरी का प्रयोग किया जाता रहा है। जो कि मानकों के विपरीत है। जानकारी के अनुसार न तो सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है और ना ही अन्य सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ऐसे में लाखों रुपए से गौशाला बनने के कुछ ही दिन बाद ध्वस्त हो जाएगी।

### कारवां टॉकीज़ अभियान का तीसरा दिन

## तलबेहट व बम्होरिसर सेना से जुड़ने के लिए किया जागरुक

**ललितपुर।** भारतीय सेना से जुड़ने हेतु प्रेरणादायक कारवां टॉकीज जनजागरूकता अभियान के तीसरे दिन ललितपुर के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जागरूकता और प्रेरणा की लहर दौड़ गई। राजकीय आईटीआई कॉलेज, तलबेहट, ककरारी और राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन राजकीय महाविद्यालय, बम्होरिसर में यह अभियान पहुँचा, जहाँ छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह अभियान भारतीय सेना के रिक्रूटिंग निदेशालय और मुख्यालय भर्ती ज़ोन, लखनऊ के तत्वावधान में, तथा आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस (अफड) आगरा के समन्वय में आयोजित किया जा रहा है। जैसे ही कारवां टॉकीज़ वैन, जिसमें उच्च गुणवत्ता वाला एलईडी स्क्रीन, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और जानकारीपूर्ण दृश्य-प्रदर्शन लगे थे, कॉलेज परिसरों में पहुँची, वहां भारी भीड़ एकत्रित हो गई। वीडियो प्रेजेंटेशन के ज़रिए भारतीय सेना के साहस, प्रतिबद्धता और करियर के अवसरों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।




सेना के अधिकारियों ने छात्रों के साथ सीधे संवाद किया, जिसमें उन्होंने अग्निवीर योजना, अधिकारी स्तर की प्रविष्टियाँ, योग्यता मानदंड, और पूर्णतः पारदर्शी एवं मेरिट-आधारित भर्ती प्रक्रिया को सरल और स्पष्ट रूप में समझाया। कई उम्मीदवारों को ऑनलाइन पंजीकरण में प्रत्यक्ष सहायता भी दी गई, जिससे ग्रामीण युवाओं के लिए यह प्रक्रिया सुलभ बनी। एक महत्वपूर्ण विषय रहा दलालों और फर्जी एजेंटों से सावधानी। एक अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा, भर्ती की कोई शॉर्टकट नहीं है यह पूरी तरह से निशुल्क, पारदर्शी और योग्यता आधारित होती है।ह्व इस संदेश को मजबूत करने के लिए सूचनात्मक पुस्तिकाएं भी वितरित की गईं। सत्रों में इंटरएक्टिव क्विज, खेल गतिविधियाँ और प्रश्नोत्तर सत्र शामिल रहे, जिससे छात्रों को सीधे सेना के अधिकारियों से सवाल पूछने और अपनी शंकाओं को दूर करने का अवसर मिला। कॉलेजों के शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, ह्यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सपनों और सही दिशा के बीच एक सेतु है। अब जबकि अभियान का एक दिन शेष है, ललितपुर में चल रहा यह चार दिवसीय कारवां टॉकीज़ अभियान सैकड़ों युवाओं में देशभक्ति, आत्मविश्वास और संकल्प की चिंगारी जगा चुका है। यात्रा अपने समापन पर पहुँचेगी, प्रेरणादायक संदेश गांव-गांव और कॉलेजों में गूंजते रहेंगे।

### कथावाचक साध्वी सविता देवी ने कहा

## ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय



**बीना।** सिटी पावर हाउस के पास प्रभु सेवा धाम में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक साध्वी मां सविता देवी गुरु मां ने प्रहलाद चरित्र सहित विभिन्न प्रसंगों पर प्रसंग डाला। इस मौके पर गुरू मां ने कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने प्रतिदिन कई पाप होते है। उनका ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है। उन्होंने ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है, जो व्यक्ति के जीवन को बदल देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्तियों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्यागकर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। गुरु मां ने भागवत कथा के दौरान कपिल चरित्र, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार आदि प्रसंगों पर प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान के नाम मात्र से ही व्यक्ति भवसागर से पार उतर जाता है।

## छोटी बजरिया जैन मंदिर में किया गया भगवान पारसनाथ महामस्तकाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

रविवार को छोटी बजरिया स्थित 1008 सहस्त्रफणी पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान पारसनाथ का महामस्तकाभिषेक शांति धारा, पूजन विधान आदि संपन्न हुआ।

महामस्तकाभिषेक आचार्य श्री 108 समाधिस्त विद्यासागर महाराज, नवाचार्य श्री 108 समयसागर महाराज, मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर महाराज के आशीर्वाद एवं पंडित प्रदीप शास्त्री के मंत्रोच्चारण एवं संगीत की झंकार के साथ संपन्न हुआ। प्रथम शांतिधारा गुलजारी लाल चिरौंजी



बाई, द्वितीय कुंदनलाल पवन जैन एवं सौधर्म इंद्र डॉक्टर महेंद्र ऋषभ पड़रिया, ईशान इंद्र कुंदनलाल, सनत इंद्र अरविंद साधना, महेंद्र इंद्र सुनील नौगांव, कुबेर इंद्र विनोद मुंगावली ने किया। पंडित प्रदीप शास्त्री ने बताया श्री 1008 पारसनाथ भगवान की महिमा बहुत अपार है। जो भी मनुष्य संकटों में होता है वह पारस बाबा के दरबार में जरूर आता है। क्योंकि पारस बाबा ने स्वयं संकटों से मुक्ति पाई है। पारस बाबा के दरबार में जो भी आता है, सभी के संकट दूर होते हैं। कार्यक्रम के दौरान यश जैन विपिन, संजय, अरुण, सुमित, सुनील, राजेश, रमेश, प्रदीप, मानकचंद, अजय, विजय आदि जैन समाज उपस्थित रहा।

### पुलिस ने जांच का भरोसा दिलाया

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव परिजनों ने किया चक्का जाम



**बीना।** खुरई के निर्तला के एक युवक का शव लुहर्रा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर मिला है। जिसके बाद परिजनों ने शव को बीना-खुरई मार्ग चक्का चाम किया। परिजनों का आरोप था कि गांव के ही एक व्यक्ति ने जबरन मृतक की जमीन खरीद कर उसका भुगतान भी नहीं दिया है। जानकारी अनुसार निर्तला निवासी 26 वर्षीय नीरज राय रविवार की सुबह घर से शौच की कहकर घर से निकला था। जब काफी देर तक वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। परिजनों को जानकारी मिली कि लुहर्रा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक शव पड़ा हुआ है। जब परिजन मौके पर पहुंचे तो शव की शिनाख्त नीरज राय के रूप में हुई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव का सिविल अस्पताल खुरई में पीएम कराया। पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। इसके बाद परिजनों ने बीना-खुरई मार्ग पर स्थित निर्तला में सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। जिससे करीब आधा घंटे तक मार्ग बंद रहा और दोनों तरफ वाहनों की लंबी लंबी कतार लग गई।

### जबरन जमीन खरीद ली और भुगतान भी नहीं किया

मृतक के बड़े भाई सोमत राय ने बताया कि उसका भाई खेती किसानी करता था। उसके भाई के पास डेढ़ एकड़ जमीन थी, कुछ माह पहले गांव के एक व्यक्ति ने साढ़े तीन लाख में जबरन जमीन खरीद ली और उसका भुगतान भी नहीं किया। जमीन भी काफी कीमती थी। लेकिन कम कीमत पर जमीन ले ली गई। जब भी उसका भाई जमीन के रुपए मांगता तो उसके साथ गाली गलौज कर के भगा दिया जाता था। कुछ दिन पहले ही उसके साथ मारपीट भी की गई थी। पुलिस ने परिजनों को जांच का भरोसा दिलाते हुए चक्काजाम समाप्त कराया।

### खनिज का ड्रिलिंग का कार्य शुरू

## 3375 मीटर बेधन का काम, कई मिलियन रॉक फास्फेट निकालेंगे



**ललितपुर।** जनपद के विकासखंड मड़ावरा के बड़वार क्षेत्र में राक फास्टफेट खनिज की उपलब्धता सुनिश्चित हो जाते के कारण उसे निकालने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके लिए झारखंड की कम्पनी मेनको माइनिंग द्वारा डिरलिंग का काम प्रारंभ कर दिया गया है। विदित हो कि रॉक फास्फेट खनिज के उर्वरक खनिज है, जिसका उपयोग मुख्यतः खाद बनाने के काम में आता है। इस खनिज ब्लॉक में भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा पूर्व में भू वैज्ञानिक मानचित्रण, रासायनिक विश्लेषण आदि का कार्य किया गया था। जिसमें 670.60 मीटर की डिरलिंग कर .74 मिलियन टन 6.68 प्रतिशत ग्रेड का रिसोर्स ज्ञात किया गया था। वर्तमान में मेमको माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उक्त ब्लाक में 25 वोर वेल्स बेधन द्वारा 3375 मीटर बेधन का कार्य किया जाएगा। ड्रिलिंग से प्राप्त सैंपलों को रासायनिक विशलेषण हेतु प्रयोग शाला भेजा जाएगा। जिसके आधार पर रॉक फास्फेट का ग्रेड एवं रिसोर्स का निर्धारण किया जाएगा। ड्रिलिंग के लिए मेमको ने झांसी की कम्पनी जिओलॉजी एण्ड माइनिग एसो. झांसी को नामित किया गया है। निश्चित तौर पर ग्राम बड़वार में रॉक फॉस्फेट का पाया जाना जनपद के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। जिससे जनपद में रोजगार मिलेगा, उद्योग के रास्ते खुलेगें और जनपद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर जाना जाएगा।

### इनका कहना है

रॉक फास्फेट खनिज उर्वरक खनिज है, जिसका उपयोग प्रमुखता खाद बनाने में किया जाता है। मेमको माइनिंग द्वारा आवश्यक सभी अनापत्तियां प्राप्त कर ली गयीं हैं। इसके बाद ही ड्रिलिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है।

**अमितोष वर्मा खान अधिकारी ललितपुर**

ड्रिलिंग कार्य के पश्चात प्राप्त परिणामों के आधार पर कम्पनी द्वारा खनन कार्यो के लिए आवेदन किया जाएगा। खनन से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेगें, साथ ही राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी।

**अक्षय त्रिपाठी जिलाधिकारी ललितपुर**